दिनांकः 24.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में केन्द्र सरकार से राजस्थान में जल और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अधिक सहयोग का अनुरोध कियां
- प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें
- राज्य के कई जिलों में आज आंधी और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना–बीकानेर, फलौदी और श्रीगंगानगर में हीटवेव की स्थिति जारी रहने के आसारं
- देश में 1857 में हुई क्रांति की स्मृति में कोटा में स्मारक बनाया जाएगां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें उन्होंने कहा कि **एक राज्य – एक वैश्विक गंतव्य** के तहत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएं इस वर्ष का विषय **–2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित राज्य** हैं श्री मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थें अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगां श्री मोदी ने कहा कि इसके लिए सरकार और सभी राज्यों को एक साथ मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करना होगां बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सी.ई.ओ. भी मौजूद रहें

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी भारत मण्डपम में हुई इस बैठक में शामिल हुएं मुख्यमंत्री ने इस बैठक में विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा कीं इस दौरान उन्होंने प्रदेश में जल और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार से अधिक सहयोग का आग्रह कियां मुख्यमंत्री ने पौंग बांध में जलभराव के बारे में जल्द निर्णय लेने का अनुरोध किया जिससे भागीदार राज्यों को उनके हिस्से का पानी मिल सकें इसके साथ ही कालीसिंध और छबडा थर्मल परियोजनाओं में अतिरिक्त इकाइयों की स्थापना के लिए छूट दिये जाने की मांग कीं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 122वीं कड़ी होगीं ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगां साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगां

000

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकार को दो लाख 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का लाभांश हस्तान्तरित करने को मंजूरी दी हैं आरबीआई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए अधिशेष के रूप में ये राशि देने की स्वीकृति दी हैं मुंबई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक में ये निर्णय लिया गयां बोर्ड ने घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थिति की समीक्षा करते हुए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को भी स्वीकृति दीं यह बैंक का सरकार को दिया गया अब तक का सबसे अधिक लाभांश हस्तांतरण हैं इसका उद्देश्य वर्तमान आर्थिक चुनौतियों के बीच सरकारी वित्त को

मजबूत करना हैं ये लाभांश पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक हैं

000

प्रदेश के आठ जिलों में 125 पशु चिकित्सा अधिकारी और 500 पशुधन निरीक्षकों की भर्ती की जाएगीं पशुपालन विभाग जल्द ही ये भर्ती करेगां पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इन पशु चिकित्सा अधिकारियों और पशुधन निरीक्षकों की भर्ती अस्थाई आधार पर की जाएगीं उन्होंने बताया कि जोधपुर, फलौदी, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, पाली, सिरोही और जालौर जिलों में इनकी नियुक्ति की जाएगीं ये तीन महीने या राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने तक प्रभावी रहेगीं इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं पशु चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए जयपुर स्थित पशुधन परिसर में आवेदन किया जा सकता हैं वहीं पशुधन निरीक्षक के पद के लिए संबंधित जिले के पशुपालन विभाग कार्यालय में आवेदन करना होगां

000

चिकित्सा विभाग ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में गलत खून चढ़ाने से एक मरीज की मौत के मामले को गंभीरता से लिया हैं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने आज एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले की विस्तार से जानकारी लीं बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ भी मौजूद रहीं

000

.....................

000

राज्य के 22 जिलों में आज आंधी और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना हैं हालांकि कुछ जिलों में भीषण गर्मी को देखते हुए रेड अलर्ट भी जारी किया गया हैं विभिन्न स्थानों पर हीटवेव की स्थिति बनी हुई हैं हालांकि इस बीच पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज तेज हवाएं चलने और अंधड़ के भी आसार हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान में हीटवेव की स्थिति जारी रहने के आसार हैं अगले तीन दिनों तक बीकानेर, फलौदी और श्रीगंगानगर में दिन में प्रचण्ड गर्मी के साथ रातें भी काफी गर्म रह सकती हैं इन स्थानों पर रात का तापमान 32 से 34 डिग्री के बीच रहने के आसार हैं

......................

इस बीच जोधपुर में आज शाम आधे घंटे तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई उधर बारां जिले में आज अचानक मौसम का मिज़ाज बदलां शाहबाद क्षेत्र में दोपहर बाद गरज के साथ कुछ देर तेज बारिश हुई वहीं झालावाड़ में आंधी चली और कई क्षेत्रों में हल्की बरसात हुई कोटपूतली–बहरोड़, चूरू, बाड़मेर और पाली में भी भीषण गर्मी का असर लगातार जारी हैं सुमेरपुर के सिंहप्रस्थ तालाब में घटते जल स्तर से जलीय जीव व्याकुल हो गये, इसे देखते हुए विभिन्न संगठनों की ओर से तालाब में टैंकरों के जरिये पानी डलवाया गयां बीते चौबीस घंटों में कई जिलों में तेज गर्मी और लू का प्रकोप रहां बाड़मेर में अधिकतम तापमान साढे 47 और जैसलमेर में 48 डिग्री मापा गयां

इस बीच राहत की खबर ये है कि मॉनसून आज केरल पहुंच गयां दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पिछले 16 सालों में पहली बार अपने निर्धारित समय से आठ दिन पहले पहुंच गया हैं केरल में मॉनसून सामान्य रूप से पहली जून तक पहुंचता हैं मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल हैं

000

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने डीग जिले के नगर क्षेत्र में 11 ट्यूबवैल मंजूर किये हैं गर्मी के मौसम में इनके जरिये पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगीं ये ट्यूबवैल रानौता, मानौता कलां, सीकरी सहित अन्य गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर लगाये जायेंगें श्री बेढम ने इसके अलावा नगर में पानी की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए चौबीस स्थानों पर सोलर नलकूप लगाये जाने की भी स्वीकृति दीं इस पर करीब दो करोड़ 65 लाख रूपये खर्च किये जायेंगें

000

सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में प्लास्टिक और पॉलिथिन वेस्ट इकट्ठा किया जा रहा हैं वन्य जीवों के पॉलिथिन खाने के अंदेशे को देखते हुए ये मुहिम शुरू की गई हैं इस काम के लिए बाघ मित्रों की सहायता भी ली जाएगीं इसके साथ ही वनकर्मी अभयारण्य में आने वाले पर्यटकों की समझाइश भी कर रहे हैं अलवर मुख्य वनसंरक्षक संग्राम सिंह कटियार ने बताया कि सरिस्का में प्लास्टिक और पॉलिथिन ले जाने पर रोक लगाई

गई है, जल्द ही अभयारण्य को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए रि–साईकिल मशीन भी लगाई जाएगीं

000

देश में 1857 में हुई क्रांति की स्मृति में कोटा में स्मारक बनाया जाएगां राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने आज कोटा में ये घोषणा कीं उन्होंने बताया कि कोटा संभाग 1857 की क्रांति का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा हैं राज्य सरकार ने स्वतंत्रता आन्दोलन के महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित करने की योजना बनाई हैं इनमें कोटा भी शामिल हैं श्री लखावत ने बताया कि एक करोड़ रूपये की राशि से जल्द स्मारक निर्माण किया जाएगां

.....................

000

राजस्थान सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी –आर–कैट समर कैंप का आयोजन करने जा रहा हैं ये कैम्प जयपुर स्थित आर–कैट परिसर में 3 जून से शुरू होगां और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे प्रतिनिधि सुदर्शन नाहर–

....................

000